University in News on 02 May 2025

HINDUSTAN PAGE 7

सीएसआईआर यूजीसी नेट में एलयू के 52 मेधावी दमके

उपलब्धि

- 34 जेआरएफ, 11 नेट और सात पीएचडी के लिए अर्ह हुए
- प्राणिविज्ञान से 10 जेआरएफ व एक नेट छात्र को सफलता

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय के कई विभागों से कुल 52 परास्नातक छात्रों ने यह परीक्षा पास की है। जिसमें 34 जेआरएफ, 11 नेट और सात पीएचडी के लिए अर्ह हुए हैं। प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वनस्पति विज्ञान से सात जेआरएफ, दो नेट व तीन पीएचडी, जैव रसायन से पांच जेआरएफ और रसायन विज्ञान से तीन जेआरएफ, दो नेट व चार पीएचडी के लिए सफल हुए हैं। इसी तरह भूगर्भ विज्ञान में सात जेआरएफ, दो नेट, भौतिक विज्ञान में एक जेआरएफ व तीन नेट और गणित से एक-एक छात्रों को नेट व जेआरएफ में चयनित हुए हैं। इसके अलावा प्राणि विज्ञान से 10 जेआरएफ व एक नेट छात्र को सफलता मिली।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की मेहनत और हमारे संकाय सदस्यों की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उच्च शिक्षा के शिक्षक बनकर देश और दुनिया की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेंगे। उत्तीर्ण छात्र अब भारत के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों में पीएचडी अनुसंधान के लिए पात्र होंगे। यह सफलता लखनऊ विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में बढ़ती प्रतिष्ठा को भी दर्शाती है।

बायोरैंकर्स 30 से निकले आठ सफल

एलयू के जीवन विज्ञान में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अजय प्रताप सिंह की ओर से संचालित बायोरैंकर्स 30 नामक इनहाउस कोचिंग से कुल आठ छात्रों को सफलता मिली है। एक छात्र का जेआरएफ और सात छात्रों का पीएचडी के लिए चयन हुआ है।

क्या है सीएसआईआर जेआरएफ

सीएसआईआर-यूजीसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर-जेआरएफ परीक्षा एक राष्ट्रीय स्तरीय फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें शोध के लिए प्रेरित करना है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

सीएसआईआर यूजीसी नेट में छाए लविवि के विद्यार्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने सीएसआईआर (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी परिणाम के अनुसार विज्ञान संकाय के विभागों से 52 परास्नातक छात्रों (34 जेआरएफ, 11 नेट और सात पीएचडी) ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीएसआईआर परीक्षा यूजीसी की निगरानी में आयोजित की जाती है। यह राष्ट्रीय स्तर का फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें शोध के लिए प्रेरित करना है।

इस परीक्षा में सफलता पाना छात्रों की कठोर मेहनत, विषय की विश्लेषणात्मक सोच का प्रमाण है। परीक्षा में सफल होने वाले रसायन विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, और गणित जैसे विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कोचिंग बायोरैंकर्स 30 के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लविवि के जीवन विज्ञान में शुरू हुई इनहाउस कोचिंग बायोरैंकर्स 30 के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में मेधा का प्रदर्शन किया। इसके एक छात्र का जेआरएफ व सात का पीएचडी के लिए चयन हुआ है। प्रवेश परीक्षा के आधार पर विद्यार्थी इसमें निशुल्क प्रवेश पा सकते हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी चयनितों को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

22 केंद्रों पर होगी एलएलबी की परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी की परीक्षा के लिए केंद्र तय कर दिए हैं। विवि से संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, लखनऊ और सीतापुर के सहयुक्त 33 महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 12 कॉलेजों को नोडल सेंटर बनाया गया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों और नोडल सेंटर की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया जा चुका है। यह भी वेबसाइट पर है। इसके साथ ही परीक्षा विभाग ने बीबीए और बीसीए के परीक्षा केंद्र तय कर दिए हैं। सभी जिलों में इसके लिए 24 परीक्षा केंद्र और छह नोडल सेंटर बनाए गए हैं।

परीक्षा विभाग ने जारी की सूची 12 महाविद्यालय बने नोडल सेंटर

तीन कोर्सों के परीक्षा कार्यक्रम घोषित

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को तीन कोर्सों बीएससी होमसाइंस, डीफार्मा और एमएजेएमसी के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत पकार्यक्रम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

NBT PAGE 4

LU: विज्ञान संकाय के 52 स्टूडेंट नेट में सफल

NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय के 52 स्टूडेंट्स ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता पाई है। सफल होने वाले स्टूडेंट्स में रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, और गणितीय विज्ञान जैसे अलग-अलग विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जीवन विज्ञान में पिछले साल शुरू इनहाउस कोचिंग बायोरैंकर्स 30 के एक स्टूडेंट का जेआरएफ और 7 का पीएचडी के लिए चयन हुआ है।

JAGRAN CITY PAGE III

डीफार्म, बीफार्म, बीसीए व बीटेक परीक्षाएं 15 से

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने डीफार्म, बी.फार्म, एमएजेएमसी, बी.सी.ए, बी.टेक व पार्ट टाइम एम.टेक सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। इन परीक्षाओं की शुरुआत 15 मई से होगी। छात्र-छात्राएं परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkou niv.ac.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

डीफार्म दूसरे वर्ष की परीक्षाएं 15 से 28 मई, पहले वर्ष की परीक्षाएं 16 से 29 मई तक होंगी। एमएजेएमसी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 15 से 27 मई, चौथे सेमेस्टर की 16 से 26 मई तक होंगी। इसी तरह बी.फार्म दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 से 31 मई, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 28 मई, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 31 मई और आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 22 मई तक होंगी। बी.सी.ए दूसरे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 16 से 28 मई, चौथे सेमेस्टर (एनईपी रेगुलर) की 16 से 28 मई और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 22 मई तक संचालित की जाएंगी। इसी तरह एम.सी.ए दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 30 मई, इसके चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 19 मई तक होंगी। बी.टेक दूसरे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 16 से 28 मई, इसके ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 16 से 28 मई, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 31 मई, चौथे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 15 से 29 मई, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 28 मई तक और आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 22 मई तक होंगी। पार्ट टाइम एम.टेक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 26 से 30 मई और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 19 व 20 मई को होगी। बी.ए, बी.एससी योग दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 26 मई, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 मई, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 23 मई तक होंगी। एम.ए, एम.एससी योग दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 16 से 30 मई, चौथे सेमेस्टर के लिए 17 से 27 मई के बीच होंगी।

एमटीटीएम और वीबीए की समय सारिणी बदली : लवि ने मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) चौथे सेमेस्टर और बीबीए (टूरिज्म) छठे सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। एमटीटीएम चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं की परीक्षाएं अब 23 से 30 मई तक होंगी। इसके दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 22 मई से दो जून तक होंगी। बीबीए टूरिज्म छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 मई के स्थान पर 23 मई से शुरू होकर दो जून तक आयोजित की जाएंगी।

सीएसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा में 34 विद्यार्थी सफल

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिष्ठित सीएसआइआर-यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों से 52 परास्नातक छात्र-छात्राओं (34 जेआरएफ, 11 नेट एवं सात पीएच.डी) ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। सबसे ज्यादा 10 जेआरएफ वनस्पति विज्ञान विभाग से हैं।

सीएसआइआर-यूजीसी की ओर से आयोजित सीएसआइआर-जेआरएफ परीक्षा एक राष्ट्रीय स्तरीय फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें शोध के लिए प्रेरित करना है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत, विषय की गहराई और विश्लेषणात्मक सोच का प्रमाण है। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थी रासायनिक विज्ञान, भू-विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और गणितीय विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जीवन विज्ञान में इनहाउस कोचिंग "बायोरैंकर्स 30", के तहत एक छात्र का जेआरएफ और सात छात्रों का पीएच.डी. के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को बधाई दी।

प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने तीन मई से होने वाली सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://exam.lkouniv.ac.in/ पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। (जासं)

i-NEXT PAGE 4

52 स्टूडेंट्स सीएसआईआर-नेट में पास

LUCKNOW (1 MAY) : लखनऊ यूनिवर्सिटी की साइंस फैकल्टी के 52 स्टूडेंट्स ने सीएसआईआर यूजीसी नेट एग्जाम में सफलता हासिल की है, जिसमें से 34 स्टूडेंट्स ने जेआरएफ, 11 ने नेट और 7 ने पीएचडी के लिए क्वालिफाई किया है. इस मौके पर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की मेहनत और हमारे संकाय सदस्यों की प्रतिबद्धता का परिचायक है. हमें गर्व है कि हमारे छात्र भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और दुनिया की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेंगे.

PIONEER PAGE 3

सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में एलयू की साइंस फैकल्टी के 52 छात्र उत्तीर्ण

लखनऊ। लविवि के विज्ञान संकाय के छात्रों ने प्रतिष्ठित सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों से कुल 52 परास्नातक छात्रों (34 जेआरएफ, 11 नेट एवं 7 पीएच.डी.) ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाता है। अभी भी परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि : विज्ञान संकाय के छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा में हासिल की सफलता

लखनऊ (एसएनवी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने प्रतिष्ठित यूजीसी नेट परीक्षा मे अच्छा प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। अंतिम जानकारी मिलने तक विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागो से कुल 52 परास्नातक छात्रो (34 जेआरएफ, 11 नेट एवं 07 पीएच.डी.) ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाता है। अभी भी परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

जेआरएफ परीक्षा, जिसे यूजीसी द्वारा आयोजित किया जाता है, एक राष्ट्रीय स्तरीय फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें शोध के लिए प्रेरित करना है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना छात्रो की कठोर मेहनत, विषयगत गहराई और विश्लेषणात्मक सोच का प्रमाण है। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और गणितीय विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जीवन विज्ञान में इनहाउस कोचिंग बायोरैंकर्स 30, जो पिछले वर्ष आरंभ हुई थी के तहत एक छात्र का जेआरएफ के लिए तथा सात छात्रो का पीएच.डी. के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रो को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रो की मेहनत और हमारे संकाय सदस्यों की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उच्च शिक्षा के शिक्षक बनकर देश और दुनिया की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेंगे। उत्तीर्ण छात्र अब भारत के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों मे पीएचडी अनुसंधान के लिए पात्र होंगे। यह सफलता लखनऊ विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा और अनुसंधान मे उत्कृष्टता के केन्द्र के रूप मे बढ़ती प्रतिष्ठा को भी दर्शाती है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस महिला महाविद्यालय में नवनिर्मित चहारदीवारी का लोकार्पण

भारत की आवश्यकता के अनुरूप छात्राओं को तैयार करें शिक्षक : प्रो. अमित भारद्वाज

लखनऊ (एसएनबी)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज मे वृहस्पतिवार को प्रो. अमित भारद्वाज, निदेशक उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश प्रयागराज, का आगमन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि विश्नोई ने उच्च शिक्षा निदेशक का पुष्पगुच्छ प्रदान कर महाविद्यालय परिसर मे स्वागत किया। उक्त अवसर पर निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय मे दरक़ों के अतिक्रमण हटने की उपरान्त, नवनिर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया। महाविद्यालय के ग्रेन बेल्ट मे पर्यावरण संबंधी किए जा रहे सभी प्रयासो की प्रशंसा की, जिसमे पोषण वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और प्राकृतिक खाद के प्रयोग प्रमुख रूप से हैं। निदेशक ने सभी का भौतिक निरीक्षण भी किया, साथ ही एनबीआरआई टीम द्वारा महाविद्यालय परिसर मे लगाए जा रहे फ्लोरीकल्चर गार्डन का विमोचन किया और कुशारोपण भी किया । लोकार्पण के उपरान्त निदेशक ने एक समीक्षा बैठक की जिसमे उन्होंने महाविद्यालय में परीक्षा के संबंध मे हो रही तैयारी, समर्थ पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की अद्यतन स्थिति का लेखा-जोखा व एपीएआर भरने की स्थिति का जायजा आदि प्राप्त किया। बैठक में निदेशक ने अध्यापकों का आह्वान किया कि वे उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन मे प्रागण्य से सन्नद्ध हो जाएं ताकि उच्च शिक्षा मे गुणात्मक अभिवृद्धि और उन्नयन किया जा सके। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप छात्राओं को भारत की आवश्यकता के अनुरूप तैयार करें।

AMRIT VICHAR PAGE 8

लविवि छात्रों को सीएसआईआर यूजीसी नेट में मिली शानदार कामयाबी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने प्रतिष्ठित सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों से कुल 52 परास्नातक छात्रों (34 जेआरएफ, 11 नेट एवं 7 पीएचडी) ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाता है। यह एक राष्ट्रीय स्तरीय फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें शोध के लिए प्रेरित करना है। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, और गणितीय विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह उपलब्धि लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में उपलब्ध उच्च शैक्षणिक मानकों, कठोर प्रशिक्षण एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई दी।

छात्रों को मिली वाशिंग मशीन की सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 1 मई से विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु वाशिंग मशीन की सुविधा की शुरुआत की गयी। कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल द्वारा अशोका पुरुष छात्रावास में इस पहल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नरेंद्र कुमार एवं प्रॉक्टर प्रो. एमपी सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। बीबीएयू एवं एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के मध्य हुये समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय के छात्रावासों में इस पहल की शुरुआत की गयी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

सीएसआईआर-यूजीसी नेट में लविवि के छात्र ने लहराया परचम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने प्रतिष्ठित सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रेस में अंतिम जानकारी मिलने तक, विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों से कुल 52 परास्नातक छात्रों (34 जेआरएफ, 11 नेट एवं 07 पीएचडी) ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाता है। अभी भी परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

सीएसआईआर-जेआरएफ परीक्षा, जिसे सीएसआईआर-यूजीसी द्वारा आयोजित किया जाता है, एक राष्ट्रीय स्तरीय फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें शोध के लिए प्रेरित करना है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना छात्रों की कठोर मेहनत, विषयगत गहराई और विश्लेषणात्मक सोच का प्रमाण है। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, और गणितीय विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

जीवन विज्ञान में इनहाउस कोचिंग बायोरैंकर्स 30, जो पिछले वर्ष आरंभ हुई थी, के तहत एक छात्र का जेआरएफ के लिए तथा सात छात्रों का पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस सफलता से इस कोचिंग को नई गति और प्रोत्साहन मिला है और आगामी वर्ष में इसे और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की मेहनत और हमारे संकाय सदस्यों की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उच्च शिक्षा के शिक्षक बनकर देश और दुनिया की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेंगे।

रिसर्च स्कॉलर हैदर रजा का असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लविवि के उर्दू विभाग के रिसर्च स्कॉलर हैदर रजा पुत्र अलहाज सरवर रजा ने अपने कस्बा जलालपुर अंबेडकर नगर सहित विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग का भी नाम रोशन किया है। हैदर रजा ने हाल ही में मध्य प्रदेश सहायक प्रोफेसर परीक्षाओं में आल इंडिया द्वितीय रैंक हासिल की है। 24 अप्रैल को एमपीपीएससी की वेबसाइट पर परीक्षाओं के नतीजे घोषित होते ही हैदर रजा के असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की खबर सुनने के बाद साहित्यिक हलकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

बता दें कि हैदर रजा को बचपन से ही शिक्षा और साहित्य का शौक रहा है। प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई जलालपुर अंबेडकर नगर से पूरी की। स्नातक की पढ़ाई झांम बाबा पीजी कॉलेज और परास्नातक की डिग्री बाबा बरुआ दास परूइया आश्रम से ली है। एमए उर्दू की पढ़ाई के दौरान ही उनका जेआरएफ क्वालीफाई हो गया था। वर्तमान समय हैदर रजा लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में प्रसिद्ध उर्दू लेखक और शोधकर्ता काजिम अली खान के जीवन और सेवाओं पर शोध कर रहे हैं।

हैदर की इस उपलब्धि पर माता-पिता व परिवार के सदस्यों और कस्बे की वरिष्ठ हस्तियों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए दुआ की है तथा मित्रों, साथियों और साथी शोधार्थियों ने उन्हें बधाई दी है।

LOKSATYA PAGE 3

52 पीजी छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा में लहराया



- देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों और विवि में पीएचडी के लिए पात्र होंगे

लखनऊ,लोकसत्य । लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्रों ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय के कई विभागों से कुल 52 परास्नातक छात्रों ने यह परीक्षा पास की है। जिसमें 34 जेआरएफ, 11 नेट और सात पीएचडी के लिए अर्ह हुए हैं। प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वनस्पति विज्ञान से सात जेआरएफ, दो नेट व तीन पीएचडी, जैव रसायन से पांच जेआरएफ और रसायन विज्ञान से तीन जेआरएफ, दो नेट व चार पीएचडी के लिए सफल हुए हैं। इसी तरह भूगर्भ विज्ञान में सात जेआरएफ, दो नेट, भौतिक विज्ञान में एक जेआरएफ व तीन नेट और गणित से एक-एक छात्रों को नेट व जेआरएफ में चयनित हुए हैं।

इसके अलावा प्राणि विज्ञान से 10 जेआरएफ व एक नेट छात्र को सफलता मिली। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की मेहनत और हमारे संकाय सदस्यों की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उच्च शिक्षा के शिक्षक बनकर देश और दुनिया की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेंगे। उत्तीर्ण छात्र अब भारत के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों में पीएचडी अनुसंधान के लिए पात्र होंगे। यह सफलता लखनऊ विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में बढ़ती प्रतिष्ठा को भी दर्शाती है। बायोरैंकर्स 30 से निकले आठ सफल एलयू के जीवन विज्ञान में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अजय प्रताप सिंह की ओर से संचालित बायोरैंकर्स 30 नामक इनहाउस कोचिंग से कुल आठ छात्रों को सफलता मिली है।

TOI PAGE 2

LU VC's insights on campus placements in varsity's podcast

TIMES NEWS NETWORK

LU VC Prof Alok Rai

Lucknow: Lucknow University vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai came up with the third episode of the university's official podcast named 'A world for everyone'.

In the new episode, VC highlighted how important campus placements are in a student's life.

In conversation with LU's director central placement cell Prof Anoop Bhartiya he highlighted how the cell helps in student placement. Prof Bhartiya explained that since LU is an A++ University it is approached by companies of different sectors.

Also, LU is also in touch with leading industries and multinationals and contacts them when students complete graduation. He said that once we get an invitation or job recruitment interest from companies, we request them to send a job description. "Once we receive it, we showcase the hiring information by a respective company with job description at our social media platforms. Also, we spread information through department heads and teachers." "Every company has a different recruitment policy, some conduct interviews while others recruit on academic profile, group discussion etc. We make a schedule accordingly," said Prof Bhartiya in a podcast.